## खबर संक्षेप

### काम्बिंग गश्त में 132 वारंटियों को दबोचा

**कटनी।** शनिवार को पुलिस ने व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाते हुए अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान 24 स्थाई वारंटी और 52 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 132 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 56 जमानती वारंट और 60 समंस तामील किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने 49 गुंडों, 41 निगरानी बदमाशों और एक जिलाबदर बदमाश की भी जांच की। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत चार प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 35 लोगों पर बीएनएसएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई तथा एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 60 मुसाफिरों का सत्यापन भी किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु 31 जुलाई तक खुला पोर्टल

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश पूर्व में नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए थे, वे अब 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कटनी ने बताया कि नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों के लिए एमपीटास पोर्टल को पुनः खोला गया है, जिससे पात्र छात्र-छात्राएं समय सीमा के भीतर अपना आवेदन पूर्ण कर सकें। सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से पहले पोर्टल पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके।

### रादुविवि की परीक्षाओं के समय में हुआ बदलाव

**कटनी।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा स्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं के समय में बदलाव किया गया है। बी.एससी., बी.कॉम., बीबीए, बीबीए (होटल मैनेजमेंट), बीसीए एवं बीएचएससी द्वितीय वर्ष की 10 जुलाई से प्रारंभ होने वाली परीक्षाएं अब प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित होगी। पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ये परीक्षाएं प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित की जानी थीं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे इस बदलाव की जानकारी सभी परीक्षार्थियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाएं, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### उप मुख्यमंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री एवं खजुराहो सांसद ने विकास पर किया संवाद

# कटनी बनेगा प्रदेश का प्रमुख लॉजिस्टिक हब, 'गोल्ड सिटी' के नाम से होगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के मुख्यातिथ्य और प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता तथा खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में शनिवार को कटनी के सर्वांगीण विकास पर सार्थक संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटनी के औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं समग्र विकास की दिशा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कटनी में औद्योगिक विकास, पर्यटन और हरित क्रांति की असीम संभावनाएं हैं। यदि इन तीनों क्षेत्रों का समन्वित विकास किया जाए तो जिले से गरीबी और बेरोजगारी पूरी तरह समाप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में विकास की नई बयार बह रही है। कटनी को उन्होंने 'मिनरल सिटी' और 'मार्वल सिटी' बताते हुए राज्य का एक महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक हब बताया।

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि ऐसे मंच लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं, जहाँ समाज के विभिन्न वर्गों के साथ दोतरफा संवाद संभव होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश और देश के विकास के लिए राजस्व यानी टैक्स अत्यंत आवश्यक है।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत मध्य प्रदेश में 10 हजार स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की तैयारी है, जिससे लगभग 4 लाख बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार का लक्ष्य 2028 तक शिक्षा व्यवस्था को सर्व-सुविधायुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और विदेशी भाषाओं का ज्ञान देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि वे भविष्य के लिए बेहतर तैयार हो सकें। कटनी जिले के विकास और परिवहन को लेकर मंत्री ने कहा कि कटनी को प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों जैसे इंदौर, बालाघाट और ग्वालियर से जोड़ने के लिए अगस्त से नई बस सेवाएं शुरू करने की योजना है। इससे आवागमन सुगम होगा।

#### रत्नगर्भा है कटनी की धरती'

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने इस संवाद कार्यक्रम को कटनी के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कटनी को अब केवल 'लाइम सिटी' और 'मार्बल सिटी' के रूप में ही नहीं, बल्कि भविष्य में 'गोल्ड सिटी' के तौर पर जाना जाएगा। कटनी की धरा 'रत्नगर्भा धरती' है। सांसद श्री शर्मा नें कहा की रेल और रोड नेटवर्क को और मजबूत करने के साथ-साथ कटनी में एयर स्ट्रिप विकसित करने के प्रयास तेज किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कटनी में 'मल्टी-लॉजिस्टिक्स हब' के निर्माण की दिशा में काम चल रहा है। इसके हेतु जमीन आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सांसद ने कहा कि इंदौर की तर्ज पर कटनी को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर अमल किया जाय। अपनी कटनी को सुंदर स्वच्छ व व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

सांसद श्री शर्मा ने खदानों के क्षेत्र में कुशल श्रम शक्ति तैयार करने के लिए माइनिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक में नए तकनीकी विभाग खोलने की जरूरत पर बल दिया जा रहा है। पॉलीटेक्निक कॉलेज में पाठ्यक्रम शुरू भी कर दिया गया है। उन्होंने उद्योगपतियों का आव्हान किया कि नगर के सौंदर्यीकरण और विकास में योगदान दें। कटनी के जंक्शन होने के कारण यहां नशे की समस्या और ट्रैफिक प्रबंधन को उन्होंने गंभीर चुनौती बताया।



## करंट से किसान की और सांप के काटने से युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में खेत पर काम कर रहे एक किसान की विद्युत करंट की चपेट में आने से जान चली गई, जबकि दूसरी घटना में घर के भीतर सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पहली घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पठरा की है, जहां शनिवार सुबह 55 वर्षीय किसान कमलेश यादव, पिता बाला प्रसाद यादव अपनी फसलों की सिंचाई के लिए खेत पर गए थे। परिजनों के अनुसार, खेत में पानी की मोटर चालू करते समय वह अचानक मशीन में उतरे हाई-वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन खेत पहुंचे, जहां कमलेश यादव का शव पड़ा मिला।

दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के ग्राम छपरवाहा में सामने आई। यहां 36 वर्षीय कैलाश कोल, पिता दिनई कोल को घर के भीतर ही एक जहरीले सांप ने डस लिया। तबीयत बिगड़ने और कैलाश के शोर मचाने पर परिजन उन्हें तत्काल बड़वारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालांकि, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक के शरीर में जहर फैल चुका था, जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद बड़वारा पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों मामलों की विस्तृत जांच कर रही है।

*अतिवृष्टि एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निबटने के लिये तैयारियां दुरूस्त*

## दस संवेदनशील क्षेत्रों में राहत शिविर चिन्हित, अधिकारी-कर्मचारियों की टीमों की गई तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा काल के दौरान अतिवृष्टि एवं संभावित बाढ़ अथवा जलभराव की स्थिति से नागरिकों की सुरक्षा एवं त्वरित राहत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा आदेश जारी कर नगर के 10 संवेदनशील एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए वहां राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दल नियुक्त कर दिए हैं। साथ ही प्रभावित नागरिकों के सुरक्षित ठहराव हेतु विभिन्न विद्यालयों, सामुदायिक भवनों एवं सार्वजनिक परिसरों में राहत शिविर भी निर्धारित किए गए हैं।

जारी आदेशानुसार गाटर घाट आजाद चौक सागर पुलिया हेतु घंटीबाई स्कूल भवन, शेर चौक पुरवार कन्या शाला एवं क्षेत्रीय सामुदायिक भवन को राहत शिविर चिन्हित किया जाकर दल प्रभारी के रूप में सहायक यंत्री सुनील को नियुक्त किया गया है। वहीं मोहन घाट- मसुरहा घाट एवं आदर्श कॉलोनी क्षेत्र हेतु नदी पार शाला भवन एवं सामुदायिक भवन जालपा वार्ड को राहत शिविर चिन्हित करते हुए दल प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन को नियुक्त किया गया है। राम मनोहर लोहिया वार्ड एवं नदी पार क्षेत्र एवं कुशवाहा नगर, सूर्या होटल के पास, कुठला, आधारकाप हेतु रैन बसेरा बस स्टैंड, कुठला सामुदायिक भवन, शासकीय शाला भवन कुठला, एवं शासकीय शाला भवन पुरैनी को राहत के रूप में शिविर चिन्हित करते हुए उपयंत्री श्री पवन श्रीवास्तव को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है।

गांधी गंज-जयप्रकाश वार्ड क्षेत्र के लिए कनकने स्कूल घंटाघर एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल को राहत शिविर चिन्हित कर उपयंत्री रवि हनोते को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है। अंबेडकर वार्ड बाबाघाट क्षेत्र हेतु पुरवार शाला भवन गणेश चौक छात्र संग्राम परिषद शाला एवं सामुदायिक भवन एन.के.जे को चिन्हित कर दल प्रभारी उपयंत्री हिमांशु गौतम को बनाया गया है। गिरिजा घाट, आधार काप एवं चक्की घाट क्षेत्र हेतु सरस्वती शाला नई बस्ती, सिंधी उ.मा.शाला भवन को चिन्हित कर उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को दल प्रभारी बनाया गया है। शहडोल रोड से खिरहनी क्षेत्र एवं रपटा क्षेत्र हेतु निषाद स्कूल शाला भवन एवं प्राथमिक शाला खिरहनी को राहत शिविर चिन्हित कर उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार छपरवाह-मंगल नगर क्षेत्र पुलिया, लखेरा, सिमरार नदी पुलिया एवं एन.के.जे.क्षेत्र हेतु सामुदायिक भवन मंगल नगर, शासकीय स्कूल छपरवाह, एन.के.जे स्कूल को चिन्हित कर उपयंत्री राज ललित गुमास्ता को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उक्त क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए पृथक-पृथक राहत दल गठित किए गए हैं। इन दलों में निगम के उपयंत्री, सहायक यंत्री, अन्य शाखाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## जन जागरूकता कार्यक्रम से किया गया जागरूक



म.प्र. जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर विकासखण्ड बहोरीबंद में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 4 जुलाई से 12 अगस्त 2026तक संचालित होने वाले एक पेड़ माँ के नाम,स्वच्छता अभियान,नशामुक्ति अभियान तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक पेड़ माँ के नाम,नशामुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने-अपने गांवों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का विश्वास व्यक्त किया।कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह,नवांकुर संस्था से धनी राम पटेल , परामर्शदाता रामसिंह पटेल,विनोद सिंह,उमा अवस्थी, शिक्षक संदीप दाहिया,अखिलेश झारिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## साइबर अपराधों से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0' अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान शनिवार को पुलिस टीम स्लीमनाबाद द्वारा बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी सुदेश समन के द्वारा लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं बैंक पिन साझा करने के जोखिम, फेक कॉल, डिजिटल फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों से बचने के प्रभावी उपाय बताए साथ ही किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ऑनलाइन लेनदेन के प्रति सतर्क रहने की अपील की अभियान के दौरान आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है के बारे मे अवगत कराया गया एवं किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा संबंधित पोर्टल पर भी सूचना दें। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की और पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। वही शुक्रवार को स्लीमनाबाद तिराहा मैं अभियान चलाया गया।

*स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वार्डों में चलाया गया जागरूकता अभियान*

## शहर में स्वच्छता के लिये किया जागरूक पर्यावरण संरक्षण में योगदान का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को नगर के समस्त वार्डों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। नगर निगम की सहयोगी संस्था विजन के माध्यम से आयोजित इस अभियान में घर-घर पहुंचकर नागरिकों को स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, 4-बिन प्रणाली तथा आरआरआर केंद्रों के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए नागरिकों से सहभागिता का आह्वान किया गया।

अभियान के दौरान स्वच्छता टीमों ने डोर-टू-डोर संपर्क कर नागरिकों को समझाया कि घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले, सूखे, घरेलू जोखिमयुक्त (डोमेस्टिक हैजर्ड) तथा सैनिटरी कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में संग्रहित करें और नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों को पृथक-पृथक ही सौंपें। बताया गया कि स्त्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण न केवल वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देता है, बल्कि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) को भी प्रभावी बनाता है तथा लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा कम करता है।

#### निस्तारण की दी जानकारी

टीम के सदस्यों ने नागरिकों को 4-बिन प्रणाली के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी देते हुए प्रत्येक प्रकार के कचरे के सही निस्तारण की प्रक्रिया भी समझाई। साथ ही आरआरआर केंद्रों के माध्यम से उपयोग योग्य वस्तुओं के पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण की अवधारणा से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्वीटकार्न व हाइब्रिड कार्न की सजी दुकानें

## हाईवे किनारे लगी दुकानों से हादसे की आशंका, महंगा न पड़ जाए जायका

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील स्लीमनाबाद की पहचान के साथ ही देश के विभिन्न प्रदेशों में भी स्वीटकार्न के लिए अपनी पहचान बना चुका ग्राम तेवरी में स्वीटकार्न ओर हाइब्रिड कार्न निकलना शुरू हो गये है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे दोनों ओर स्वीटकार्न की दुकाने स्लीमनाबाद से नैगवा तक सजना शुरू हो गईं है। एनएच से आवागमन कर रहे यात्री दुकानों मे पहुंचकर स्वीटकार्न का स्वाद चख रहे है साथ ही तेवरी से दूसरे राज्यों के लिए भी भुट्टो का निर्यात हो रहा है।

इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लग रही भुट्टो की दुकाने से सड़क दुर्घटना से हादसे घटित होने की संभावना भी बनी रहती है क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग से सटकर भुट्टो की दुकाने लग रही है। पिछले वर्ष हुई थी पहल, लेकिन इस वर्ष अब तक कुछ नहीं-स्वीटकार्न का सीजन शुरू होते ही वर्ष 2024 मे तत्कालीन कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से भुट्टो की दुकानों क़ो राजमार्ग से दूर ओर एक निश्चित स्थल पर दुकाने लगाने की कवायद की थी जिसमे राष्ट्रीय राजमार्ग मे कोई हादसा घटित न हो सके।

कलेक्टर के निर्देश के बाद एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी के संयुक्त दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे दोनों ओर लग रही भुट्टो की दुकानों के मालिकों क़ो सख्त हिदायत देते हुए कहा गया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क के किनारे की अधिग्रहित भू -क्षेत्र क़ो छोड़कर या खाली मैदान मे दुकान लगाए!जिससे कोई दुर्घटना घटित न हो सके। नियमों का पालन करें नहीं तो भुट्टा दुकानों क़ो हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानों को हटाने की कार्रवाई भी की गईं थी लेकिन अभी इस वर्ष जबकि स्वीट कार्न का सीजन शुरू हो चुका हैं प्रशासनिक महकमे में कोई हलचल नहीं देखी जा रही हैं!गौरतलब हैं कि भुट्टा खरीदने के लिए यहां से गुजरने वाले टू व्हीलर ओर फोर व्हीलर वाहन भी ठहरते है जिससे प्राय वाहनों की पार्किंग राष्ट्रीय राजमार्ग मै ही कर देते, जिससे कि सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### इनका कहना है

एसडीएम प्रदीप मिश्रा का कहना है कि बीते वर्ष तत्कालीन कलेक्टर के आदेश पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे संचालित सभी भुट्टा व्यापारियों क़ो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क के किनारे की अधिग्रहित भू क्षेत्र क़ो छोड़कर या खाली मैदान मे भुट्टा दुकाने लगाने क़ो कहा गया था। नियम न मानने पर कार्रवाई भी की गईं थी। इस वर्ष कड़ाई से नियम का पालन हो इस संबंध में कलेक्टर से मार्गदर्शन लिया जायेगा। साथ ही हाइवे मै संचालित हो रही दुकानों का निरीक्षण भी किया जायेगा व भुट्टा व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए जायेंगे।

### जिले में अब तक 111.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 4 जुलाई तक कुल 111.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 210.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 326.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनबाद में दर्ज की गई है, है। जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 136.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रीठी में 180.5 मिलीमीटर, बड़वारा में 23.0 मिलीमीटर, बरही में 97.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ में 90.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद में कुल 129.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 182.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा में 48.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक 10 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की गहन समीक्षा 10 जुलाई को 12 बजे से जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा की जाएगी। सीईओ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महिला एवं बाल विकास,श्रम, जिला खनिज प्रतिष्ठान, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण), मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पंचायत निर्माण/ 15वां वित्त, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), न्यायालयीन प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा निर्धारित एजेंडा के अनुसार प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला श्रम अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग और समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नियत समय एवं स्थान पर निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के समस्त योजनाओं के शाखा प्रभारी,सभी सीडीपीओ, बीआरसीसी समस्त जनपद शिक्षा केंद्र, सभी जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ/ एएओ, पीएम आवास (ग्रामीण) और स्वच्छ भारत मिशन के विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर को एजेंडा के अनुसार जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति करने को कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### बिलहरी के हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलहरी में अज्ञात शातिर चोर ने मंदिर से हनुमान जी के सिर पर चांदी का मुकुट पार कर दिया। घटना के बाद से स्थानीय श्रद्धालुओं और चौरसिया समाज में भारी आक्रोश है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बिलहरी के चौरसिया मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग विष्णु चौरसिया पिता टीकाराम चौरसिया ने कुठला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर मंदिर के भीतर दाखिल हुआ और हनुमान जी के सिर पर रखा चांदी का पुराना मुकुट चोरी कर ले गया। चोरी गए मुकुट का वजन करीब 10 तोला बताया जा रहा है, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 5,500 रुपये आंकी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही कुठला पुलिस ने मौका मुआयना किया और अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(d) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस हुलिए और मुखबिरों के जरिए संदेहियों की तलाश कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोर को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर भगवान का मुकुट बरामद किया जाए।

### विद्युत पोल में आये करंट से गाय की मौत

**कटनी।** कुठला क्षेत्र में इंडिया होटल के पास बिजली के खंभे में करंट उतर आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय वहां कोई बच्चा या राहगीर खंभे की चपेट में आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने तत्काल विद्युत विभाग, नगर निगम और को सूचना दी। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर तकनीकी खराबी को दुरुस्त किया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई।वहीं, नगर निगम के अधिकारियों ने भी तत्परता दिखाते हुए मृत गाय को तत्काल मौके से हटवाने की व्यवस्था कराई। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से शहर के अन्य बिजली खंभों की भी जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### यवक के साथ मारपीट

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम परसेल में एक युवक को पीटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। वारदात को अंजाम देने वाले गांव के ही पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस ने मामला कायम किया है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम परसेल निवासी 32 वर्षीय अंकित कुमार कुर्मी को गांव के ही मुन्ना मुसलमान और उसके बेटे करिया मुसलमान ने रात करीब 8:30 बजे उस समय घेर लिया जब वह गांव से गुजर रहा था। आरोपियों ने एक राय होकर अंकित का रास्ता रोका और गालियां देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर अंकित को चोटें पहुंचाईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पोड़ी से खिरवा को जोड़ने वाला महज डेढ़ किमी की सड़क बदहाली का शिकार

# नेताओं एवं अधिकारियों की अनदेखी से ग्रामीण कर रहे जोखिम भरा आवागमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत पोड़ी से खिरवा को जोड़ने वाला डेढ़ किलोमीटर मार्ग ग्रामीणों के लिए मुसीबतों का कारण बना हुआ है। बरसात का मौसम शुरू होते ही यह पूरी सड़क एक गहरे कीचड़ के दलदल में तब्दील हो जाती है, जबकि गर्मियों के दिनों में धूल के गुबार और जानलेवा गड्ढे राहगीरों का दम घोटते हैं। पक्की सड़क के अभाव में आज इस मार्ग से गुजरना किसी खतरनाक जंग को जीतने से कम नहीं रह गया है।

यह डेढ़ किलोमीटर का मार्ग केवल पोड़ी और खिरवा गांवों को आपस में जोड़ने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आसपास के अनेकों छोटे-बड़े गांवों के लिए एक मुख्य संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी निकलते हैं। किसान उपज बेचने मंडी तक पहुंचते हैं। विभाग की इस लगातार अनदेखी और संवेदनहीनता के कारण संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में भारी आक्रोश पनप रहा है।

बारिश ने इस सड़क के बचे-खुचे अस्तित्व को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया है। पूरी कच्ची सड़क पर जगह-जगह दो से तीन फीट गहरे गड्ढे बन चुके हैं। इन गड्ढों में लगातार बारिश का पानी और कीचड़ जमा होने के कारण राहगीरों के लिए रास्ते का अंदाजा लगाना पूरी तरह से नामुमकिन हो जाता है। दोपहिया वाहनों का फिसलकर अनियंत्रित होना और चालकों का चोटिल होना यहाँ की रोज़मर्रा की कहानी बन चुका है। साइकिल सवार, पैदल चलने वाले ग्रामीण और मासूम स्कूली बच्चे इस दलदल में पैर फिसलने के कारण गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए तो इस मार्ग पर कदम रखना भी किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

ग्रामीण व अभिभावकों ने बताया कि उनके बच्चे रोज़ सुबह स्कूल जाने के नाम से ही डर जाते हैं। बारिश के दिनों में बच्चे किसी तरह गिरते-पड़ते, कीचड़ से सने कपड़ों, गंदे जूतों और भीगे हुए बस्तों के साथ स्कूल पहुँचते हैं। कई बार स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि अभिभावक हादसों के डर से बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर देते हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि गांव में अचानक कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाए या किसी महिला को प्रसव पीड़ा हो, तो 'जननी एक्सप्रेस' या '108 एम्बुलेंस' इस डेढ़ किलोमीटर के कीचड़ को देखकर गांव के बाहर ही रुक जाती है। ऐसी स्थिति में मरीजों को खाट (चारपाई) पर लिटाकर या कस्टमाइज्ड जुगाड़ गाड़ियों के सहारे मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। समय पर इलाज न मिलने के कारण कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर पीडब्ल्यूडी के आला अधिकारियों और जिला प्रशासन को लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें दे चुके हैं। हर बार उन्हें केवल 'आश्वासन का झुनझुना' थमा दिया जाता है।

## किसानों की समस्याएं दूर करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढीमरखेड़ा के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने कहा गया है कि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसान अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

### किसानों का न हो परेशानी

किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार से समर्थन मूल्य पर मूंग की शत-प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने की मांग की गई है, ताकि किसी भी किसान को अपनी उपज कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े।इसके साथ ही ज्ञापन में वर्तमान में राठी कृष्णा वेयरहाउस, भुला में संचालित मूंग एवं उड़द खरीदी केंद्र को तहसील मुख्यालय के समीप ढीमरखेड़ा व पान उमरिया क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वर्तमान खरीदी केंद्र किसानों के लिए काफी दूर होने के कारण उन्हें परिवहन और समय की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

### ज्ञापन में ये है प्रमुख मांगे

ज्ञापन में किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। साथ ही खाद की कृत्रिम कमी, कालाबाजारी और जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण करने की आवश्यकता बताई गई।कृषि कार्यों के व्यस्त समय को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा निर्धारित समय के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है, ताकि सिंचाई सहित अन्य कृषि कार्य प्रभावित न हों।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने और किसानों को राहत प्रदान करने का आग्रह किया है।

ज्ञापन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं ढीमरखेड़ा मडलम अध्यक्ष कमलेश रजक सुरेश सोनी कुलदीप दुबे प्रकाश पटेल ओमकार दुबे राहुल पटेल राजकुमार पटेल आनद गौतम राजेन्द्र खरे किसानों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं।

## मूंग-उड़द उपार्जन 10 अगस्त तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन 1 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है, जो 10 अगस्त 2026 तक जारी रहेगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत एवं सत्यापित किसान ही निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा के लिए जिले में 7 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन द्वारा इस वर्ष एफएक्यू गुणवत्ता की मूंग का समर्थन मूल्य 8,767 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का समर्थन मूल्य 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

उपसंचालक कृषि ने जानकारी दी कि जिले में मूंग के लिए 6,338 तथा उड़द के लिए 3,312 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान अपनी उपज तैयार होने पर ई-उपार्जन पोर्टल, मोबाइल, एमपी ऑनलाइन, सीएससी, लोकसेवा केंद्र या उपार्जन केंद्र के माध्यम से विक्रय हेतु स्लॉट बुक कर सकते हैं। स्लॉट की जानकारी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी तथा इसकी वैधता 7 कार्य दिवस तक रहेगी। उपार्जन के अंतिम 10 दिनों में स्लॉट बुकिंग नहीं की जाएगी। इस वर्ष उपार्जन प्रक्रिया में बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। केवल ओटीपी के माध्यम से खरीदी मान्य नहीं होगी। यदि किसान ने नॉमिनी नियुक्त किया है, तो उसका आधार एवं बायोमेट्रिक सत्यापन भी आवश्यक होगा।

### इन केंद्रों पर होगी खरीदी

कटनी तहसील में सीडब्ल्यूसी परिसर इन्द्रानगर, ढीमरखेड़ा में प्राथमिक कृषि साख समिति पान उमरिया द्वारा राधेकृष्ण वेयरहाउस, बड़वारा में विलायतकला समिति द्वारा पंचमुखी वेयरहाउस बसाड़ी, बहोरीबंद में हथियागढ़ समिति द्वारा जय रूपनाथ वेयरहाउस बचैया, विजयराघवगढ़ में जिवारा समिति द्वारा सीडब्ल्यूसी मां शारदा वेयरहाउस अमुवारी, बरही में पिपरियाकला समिति तथा स्लीमनाबाद में महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद द्वारा तिवारी ब्रदर्स वेयरहाउस में उपार्जन किया जाएगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिदिन ऑनलाइन खरीदी एवं भौतिक मात्रा का मिलान कर रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रस्तुत करें।

## शिविर लगाकर असंगठित श्रमिकों का किया जाएगा पंजीयन

**कटनी।** जिले के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत पंजीयन किया जाना है। इसके लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विकासखंड, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर कैंप आयोजित कर श्रमिकों का पंजीयन किया जाएगा। श्रम विभाग के अनुसार, जिले में संबल योजना के तहत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की संख्या को आधार मानते हुए कुल 1 लाख 89 हजार 848 श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन ने जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, उद्योग विभाग, खनिज, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, जल संसाधन, पीएचई, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। जिसमें 18 से 40 वर्ष की आयु के असंगठित श्रमिक का पंजीयन किया जाता है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम हो और जो पीएफ, ईएसआई व एनपीएस के सदस्य न हों।

## कोयले एवं डोलेमाइट के रैक लगने से फैल रहा प्रदूषण



रूपोंद रेलवे स्टेशन में रेलवे में साइडिंग में कोयला, डोलोमाइट, आयरन के रैक व्यापारियों द्वारा लगाए जाते हैं। कोयले व डोलोमाइट पत्थरों के रैक लगने से प्रदूषण फैल रहा है जिसके फल स्वरूप लोगों के स्वास्थ्य पर खराब प्रभाव पड़ रहा है। रूपोंद रेलवे स्टेशन के साइडिंग में बड़े बड़े व्यापारी आते है अपना व्यापार करते हैंऔर पेमेंट करके चले जाते हैं इन व्यापारियों को हो रहे प्रदूषण से कोई भी वास्ता नहीं है ये सारी धूल निकट बस्ती बछरवारा में रहने वाले रहवासियों को प्रभावित कर रही है। मोके से 100 मीटर में बसा हुआ है बछरवारा ग्राम यहां रेलवे कि साइडिंग में इकट्ठे होने वाले कोयले व पत्थरों की डस्ट से पूरा गाँव परेशान है यहां कोयला का रेक, आयरन का रेक, डोलोमाइट के रेक लगते है स्थापित प्लांटों से ट्रांसपोर्ट करते है ट्रांसपोर्टर वाले पूरी रोड में कोयला व पत्थर गिराते आते है आए दिन रोज दुर्घटना हो रही है।कटनी को माइनिंग कैपिटल का तो नाम ले रहे हैं पर यहां पर रह रहे लोगो की जिंदगी की कोई कीमत नहीं है कलेक्टर से ग्राम वासियों एवम युवक कांग्रेस के युवा ब्लॉक अध्यक्ष अंशुल सिंह राजपूत, सूरज सिंह राजपूत, राहुल चौहान, शंकर चौहान अभिषेक यादव एवम दीपक ने बड़वारा क्षेत्र में स्थापित कम्पनियों की जांच करवाकर निष्पक्ष कार्यवाही की जाये।

## कार से कुचलने की कोशिश, आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने से नाराज एक आरोपी ने कार से बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी और वृद्ध को कुचलकर जान से मारने का प्रयास किया। एनकेजे पुलिस ने आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली।

पुलिस के अनुसार 2 जुलाई 2026 को देवरा खुर्द निवासी बिहारी लाल सोनी 65 ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि विनोद तिवारी उर्फ गुलानी महाराज ने न्यायालय से नोटिस भेजे जाने की बात को लेकर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद बिहारी लाल सोनी अपने पुत्र संजय कुमार सोनी एवं सतेन्द्र कुमार सोनी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जुहली मोड़ नहर पुलिया के पास आरोपी विनोद तिवारी काले रंग की कार से उनका पीछा करते हुए पहुंचा। आरोपी ने उनकी मोटरसाइकिल रुकवाकर धमकी दी कि रिपोर्ट करने की सजा जान देकर चुकानी पड़ेगी। इसके बाद जब पीड़ित वहां से निकलने लगे, तब आरोपी ने अपनी कार से पीछे से उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने बिहारी लाल सोनी को जान से मारने की नीयत से कार को 4 से 5 बार आगे-पीछे चलाकर उन्हें कुचलने का प्रयास किया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी कर आरोपी विनोद तिवारी उर्फ गुलानी महाराज 47 निवासी देवरा खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक एमपी 21 जेडजे 7617 को भी जब्त कर लिया गया।

आरोपी की गिरफ्तारी में सउनि. सहपाल परतेती, सउनि. केवल उइके, सउनि. मनोज कुडापे, प्रधान आरक्षक शैलेष दमोहिया, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, आरक्षक अर्पित पटेल, जज कुमार, सुजीत रजक, साइबर सेल से आरक्षक अजय साकेत, प्रधान आरक्षक अमित श्रीपाल, चंदन प्रजापति, आनंद तिवारी की भूमिका रही।

## नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को विशेषज्ञों द्वारा दी गई विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां

*महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत, मार्गदर्शन एवं उन्हें अकादमिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराने हेतु दिनांक 01 जुलाई 2026 से 03 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय ₹प्रवेशोत्सव एवं दीक्षारंभ समारोह₹ का गरिमामय आयोजन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के निर्देशन तथा अध्यक्षता में एवं प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय में पधारे सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना, गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों, शैक्षणिक कैलेंडर, अनुशासन तथा संस्थान के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

स्पोर्ट्स ऑफिसर, डॉ. आदित्य गढ़ेवाल ने महाविद्यालय में उपलब्ध खेल-कूद सुविधाएं, खेल मैदान, इनडोर-आउटडोर गतिविधियां तथा खेल प्रशिक्षण संबंधी नियमों की जानकारी दी तथा जीवन में अनुशासन और खेल का महत्व समझाया। इस तीन दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मार्गदर्शन के लिए विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिसमें विषय विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सहायक प्राध्यापक (हिंदी), डॉ.दिव्या यादव ने एंटी-रैगिंग प्रावधान, लैंगिक संवेदनशीलता, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा परिसर आचरण नियमों के प्रति जागरूक किया। भौतिक शास्त्र विभाग से राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुजीत सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और समाज सेवा के अवसरों से अवगत कराया। वाणिज्य विभाग से डॉ. योगिता अरजरिया, डॉ. कल्पना सतनामी एवं गणित विभाग से श्रीमती तोषी पटेल ने शासकीय छात्रवृत्ति योजनाएं जैसे- 'गाँव की बेटी' योजना, 'प्रतिभा किरण', 'मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना' व अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं का विस्तृत परिचय कराया। कार्यक्रम में डॉ. लवकुश सिंह, डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, डॉ. दिव्या यादव, सुशील चंद्र दुबे, डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. विमला कुमारी आदि मौजूद रहीं।

## राजस्व अमले को दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

# जल्द शुरू होगी ऑनलाइन नामांतरण व्यवस्था, घर बैठे मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक बड़ा डिजिटल कदम उठाने जा रहा है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की पहल पर अब नागरिकों के भवनों एवं निगम स्वामित्व की दुकानों के नामांतरण (म्यूटेशन) की पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जा रहा है।

इस संबंध में निगमायुक्त द्वारा समय-सीमा की बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद शुक्रवार को एम.आई.सी. कक्ष में राजस्व शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन व्यवस्था का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद नागरिकों को नामांतरण के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। आवेदन करने से लेकर दस्तावेज अपलोड, एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र), सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन, मौका निरीक्षण, अनुमोदन और अंतिम आदेश जारी होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन संपन्न होगी। इससे समय की बचत होगी और पूरी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

डिजिटल व्यवस्था के तहत आवेदक अपने नामांतरण आवेदन की वर्तमान स्थिति घर बैठे ऑनलाइन देख सकेंगे। उन्हें यह भी पता रहेगा कि उनका प्रकरण किस अधिकारी के पास लंबित है और कार्रवाई किस चरण में है। दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की कमी होने पर आवेदक को तत्काल एसएमएस और पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा, जिससे फाइल गुम होने या बेवजह की आपत्तियों जैसी गड़बड़ियों पर प्रभावी रोक लगेगी।

### तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही

इस ऑनलाइन पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी चरणबद्ध मॉनिटरिंग प्रणाली है। यदि कोई नामांतरण प्रकरण शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा से अधिक समय तक लंबित रहता है, तो सिस्टम स्वतः ही संबंधित अधिकारी के लॉगिन पर 'रेड फ्लैग' (Red Flag) जारी कर देगा। ऐसी स्थिति में अधिकारी को विलंब का उचित कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा। बिना किसी ठोस कारण के देरी पाए जाने पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### राजस्व वृद्धि में मददगार

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार का कहना है कि तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था ही सुशासन की असली पहचान है। ऑनलाइन व्यवस्था से जहां एक ओर मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और जनता का प्रशासन पर विश्वास मजबूत होगा, वहीं दूसरी ओर समय पर नामांतरण शुल्क प्राप्त होने से नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि होगी। इस राजस्व का उपयोग शहर के विकास कार्यों में किया जाएगा। कर्मचारियों की कार्य सुविधा के लिए जल्द ही दूसरे चरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा



## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पौधे लगाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानव जीवन विकास समिति के सचिव व पर्यावरणविद निर्भय सिंह का 62वा जन्मदिन गाँधीवादी विचारक राजगोपाल पी.व्ही. जी एवं समिति सदस्य और कार्यकर्त्ता टीम के साथ केक काटकर, पेड़ लगाकर मनाई खुशियाँ। श्री सिंह ने अपने सन्देश में बताया की जीवन के लिए पेड़ो का बहुत ही महत्व है ये हमें जीवन देते है आप सभी पर्यावरण प्रेमी बनकर अधिक से अधिक पेड़ लगाये। जिन लोगों तक मेरा सन्देश पहुंचे वे सभी लोग भी अपने जन्मदिन व अन्य उत्सव पर जरूर पेड़ लगाए। हमने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी 50 हजार पौधे लगाने का संकल्प है और जल संरक्षण के तहत इस वर्ष समिति के प्रयासों 40 खेत तालाब बनवाये गए है। निर्भय सिंह ने अपने जीवनकाल में लाखों वंचितों और पिछड़े लोगों की आजीविका सुनिश्चित कराने में भूमिका का निर्वहन किया है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, रघुनाथगंज वार्ड थानें के सामनें, कटनी स्थित मकान, मकान नंबर-705, जैन पाठ शाला ट्रस्ट का है, जिसके अध्यक्ष स सि अनुराग कुमार जैन है, उक्त मकान मानव आवास एवं व्यवसाय हेतु अनुपयुक्त एवं जर्जर अवस्था में है, जो कि सुरक्षा की दृष्टि से उक्त भवन को तत्काल हटाया जाना आवश्यक है, उक्त भवन के जर्जर / मानव आवास हेतु अनुपयुक्त होनें के कारण नगर निगम कार्यालय के द्वारा दिनांक-12/05/2026 को 24 घण्टे के अंदर खाली कर तोडनें के आदेश उक्त भवन के किरायेदार 1 महेन्द्र कुमार सहानी, 2 केशव कुमार सरावगी, 3 संतोष उसरेटे, 4 अशोक कुमार जैन 5 पारस जैन, 6 विनोद कुमार जैन, 7 श्रीमती शोभा जैन 8 महेन्द्र कुमार जगदीश लाल साहनी 9 संजय जनरल स्टोर्स, 10 प्रथ्वीराज से-ऊमल बीरवानी को विधिक नोटिस के माध्यम सूचित किया गया था, लेकिन आज दिनांक तक उक्त भवन को किरायेदारों के द्वारा खाली नहीं किया गया है, अब मेरे द्वारा आज दिनांक-04/07/2026 को इन लोगों के द्वारा उक्त भवन को 24 घण्टे के अदंर खाली करनें को सूचित किया जाता है और यदि इन लोगों के द्वारा उक्त मकान खाली नहीं किया जाता है, तो इससे होनें वाले जानमाल के नुकसान की जवाबदारी उपरोक्त वर्णित किरायेदारों की होगी।

भवदीय
स0सि0 अनुराग कुमार जैन
अध्यक्ष - जैन पाठशाला ट्रस्ट

**खबर संक्षेप**

## महाराज सागर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य अंतिम चरण में

**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विगत दिवस पन्ना जिले में प्राचीन एवं ऐतिहासिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य संचालित हुआ। लगभग तीन माह से अधिक समय तक संचालित इस महत्वाकांक्षी महाअभियान में स्थानीय नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया। इस क्रम में गत 25 मई से निरंतर रूप से पन्ना नगर के महाराज सागर तालाब को स्वच्छ बनाने सहित सौंदर्यीकरण तथा नगरवासियों के लिए महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित करने व पर्यटन की दृष्टि से भी संवारने की मुहिम शुरू की गई थी। 40 दिवस में भागीरथी प्रयासों के बदौलत तालाब को नया स्वरूप प्रदान किया गया। यहां शेष आवश्यक कार्य भी पूर्णता की ओर हैं। जिला प्रशासन द्वारा महाराज सागर तालाब के कायाकल्प अभियान में नियमित रूप से हरसंभव मदद और सहायता उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर ऊषा परमार के मार्गदर्शन में समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया। साथ ही सामूहिक श्रमदान गतिविधियों में भाग लेकर अपना उत्तरदायित्व निभाया। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी के सराहनीय प्रयासों की बदौलत भी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में प्रत्येक स्तर पर आवश्यक सहयोग मिला। जिला कलेक्टर द्वारा निरंतर प्रति दिवस तालाब परिसर में संचालित कार्यों का विभागीय अधिकारियों के साथ भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इसके अलावा आवश्यक समन्वय की भूमिका भी निभाई। इसकी बदौलत अल्प समय में तालाब परिसर में घाट व सीढ़ियों की मरम्मत सहित आकर्षक पेंटिंग्स, बैठक व्यवस्था व रेलिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कलेक्टर श्रीमती परमार ने शुक्रवार को भी तालाब परिसर पहुंचकर पूर्ण कार्यों की जानकारी ली व शेष कार्यों को अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी दी कि शनिवार, 4 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे महाराज सागर तालाब परिसर में समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। आगामी समय में पौधरोपण सहित अन्य कार्य भी होंगे।

## अमानगंज में दो अलग अलग मामले में अपराध दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के कमताना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के साथ गाली-गलौज, पथराव और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार द्रोपदी चौधरी की शिकायत पर आरोपी देशराज चौधरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। वहीं, ग्राम महेवा में सड़क के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में युवक कृष्णपाल सिंह राजपूत के साथ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार आरोपी वीरसिंह राजपूत ने ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### थाना प्रभारी ने किया भव्य स्वागत

# दो शिवभक्त 3100 किमी की चार धाम पदयात्रा कर घर वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी हटा में शनिवार को आस्था और संकल्प की अनोखी मिसाल देखने को मिली जहां नगर के दो युवा शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करने का वर्षों पुराने संकल्प को पूरा कर भारत के चारों धाम की लगभग 3100 किमी. लंबी पदयात्रा 111 दिन में नंगे पैर चलकर पूर्ण कर अपने घर वापस लौटे जहां शिव भक्तों का थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने घर पहुंचकर पुष्पमाला पहनाकर शाल श्रीफल से भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं दी। नगर के मुरली मनोहर वार्ड, वाल्मीकि मोहल्ला निवासी प्रताप उर्फ प्रकाश सपेरा (36 वर्ष) और 17 वर्षीय बादल वाल्मीकि ने विगत 9 मार्च 2026 को देवश्री गौरीशंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अपनी चारों धाम यात्रा का शुभारंभ किया था।

### संकल्प पूरा करने शिवभक्त ने की चार धाम यात्रा

शनिवार को जब अपनी यात्रा का संकल्प पूरा कर दोनों युवा शिवभक्त प्रताप सपेरा अपने छोटे भाई बादल अपने घर पहुंचे जहां थाना प्रभारी सुधीर बेगी के साथ शिवभक्त पप्पू महाजन विजय चौरसिया ने स्वागत कर हाल-चाल जाना और शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रताप ने मीडिया को बताया कि वे बचपन से ही भगवान शिव के अनन्य भक्त हैं। वर्षों पहले उन्होंने संकल्प लिया था कि वे देश के पवित्र चारों धाम की यात्रा पैदल करेंगे उसी संकल्प को पूरा करने के लिए यह यात्रा सफलता पूर्वक पूरी की।

उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सबसे पहले वे बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जटाशंकर धाम पहुंचे जहां भोलेनाथ के दर्शन कर बागेश्वर धाम होते हुए राम राजा के दरबार पहुंचकर आशीर्वाद लिया इसके बाद आगे बढ़ते हुए खाटू श्याम सालासर बालाजी मथुरा वृंदावन में 84 कोस की परिक्रमा कर हरियाणा पंजाब उत्तर प्रदेश के तीर्थ दर्शन करते हुए उत्तराखंड की रजभूमि पर हरिद्वार पहुंच गए जहां गंगा स्नान कर विश्राम करते हुए ऋषिकेश पहुंचे। जहां से दुर्गम पहाड़ियों के बीच भोलेनाथ के आशीर्वाद से बद्रीनाथ केदारनाथ गंगोत्री यमनोत्री, पंचकोटी, स्वर्ग द्वार सहित चारों धाम की यात्रा पूरी कर ली महादेव का आशीर्वाद लिया। यह पदयात्रा 111 दिन में पूरी की।

### 5 वर्षों से अन्न ग्रहण नहीं किया शिव भक्त ने

शिव जी के अनन्य भक्त प्रताप ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व शिव की भक्ति में लीन होकर कृपा प्राप्त करने के लिए अन्न ग्रहण त्याग करने का संकल्प दिया था जो अब इस सप्ताह पूरा होने जा रहा है अन्य ग्रहण करने के दौरान शिवलिंग निर्माण महाआरती के साथ भंडारा में अन्न ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि अन्न ग्रहण न करने के साथ पांच वर्षों से पैरों में चप्पल जूते नहीं पहने और चारों धाम यात्रा नंगे पैर ही पैदल की गई। उन्होंने बताया कि चारधाम पदयात्रा के दौरान रास्ते में भोले के आशीर्वाद से सभी जगह धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा जलपान की व्यवस्था अपने आप की जाती रही किसी भी प्रकार की यात्रा में कोई परेशानी नहीं हुई। लगभग 40 से 50 किलोमीटर की यात्रा रोजाना तय की जाती रही और आप सभी के आशीर्वाद और भोलेनाथ की कृपा से चारों धाम यात्रा पूर्ण हुई।

# कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग में अध्यक्ष के लिये हुई दावेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कांग्रेस कार्यालय में अल्पसंख्यक विभाग में नवनियुक्त अध्यक्ष पद के लिये जिले के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर अपने सर्मथको के साथ पर्थवेक्षक शहजाद हुसैन के समक्ष अपनी दावेदारी की। पर्यवेक्षक शहजाद हुसैन ने बारी बारी से दावेदारो से मुलाकात कर कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जिन्होंने भी दावेदारी की है अध्यक्ष तो एक को ही बनना है किन्तु बाकी लोगो को भी कही न कही जिम्मेवादी दी जायेगी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग में कई समुदाय की भागेदारी है और वह भी चाहते है किसी सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता अध्यक्ष पद की जिम्मेवादी दी जाये। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने कहा कि जिस तरह का उत्साह आज देखने मिला है उससे यह प्रतीत होता है कि जिस तरह भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार हो रहा है उससे युवाओं में जमकर नाराजगी है दावेदार शमीम कुरैशी, रफीक खान, राजा खान, रियाज खान ने अपने समर्थकों के साथ पर्यवेक्षक को अपना बायोडाटा सौंपा। संजय चौरसिया, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र दबे, निधि श्रीवास्तव, परम यादव, शाहिद नूर, विजय बहादुर, सिंह, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डी.पी. पटेल, दृगपाल सिंह, उबेद गौरी, अभिषेक डिम्हा, दिनेश रैकवार, बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहितास, शुभम तिवारी, खिल्लू ठाकुर, मंजीत यादव, शानु जुनेजा गोपाल रैकवार, अशोक ठाकुर, जावेद रोजान, एके. चिश्ती ने भी पर्यवेक्षक का स्वागत करते हुए अपने विचार रखते हुए कहा कि कुछ अल्पसंख्यक जो हमसे नाराज थे वह आज पुनः कांग्रेस की मुख्य धारा से जुड़ रहे है इस अवसर पर नगर के पार्षद विक्रम ठाकुर, राजा रौतेला, रमेश राठौर, जीशान पठान, मिक्की चंदेल, अफजल खान, जीशान पठान, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू साबिर, गोपाल मास्टर सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल जैन के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों को लिंगानुपात, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006, बालिका शिक्षा का महत्व, लिंग भेद की रोकथाम, शाला त्यागी बालिकाओं का पुनः विद्यालय में प्रवेश, शिक्षा स्तर एवं कौशल विकास, सुरक्षित माहवारी एवं स्वच्छता प्रबंधन, बालिकाओं के अधिकार, लाड़ली लक्ष्मी योजना, छात्रवृत्ति योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने छात्राओं से शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा समाज में अपनी सशक्त पहचान बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और बेटी के महत्व पर आधारित आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर समीक्षा विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान पर जया लोधी एवं रुचि मिश्रा, जबकि तृतीय स्थान पर नंदिनी मेहरा, दीक्षा चौकसे, नीति शर्मा, रिया लोधी, लक्ष्मी पटकर तथा खुशी यादव रहीं। सभी विजेता छात्राओं को प्रशस्ति एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी परियोजना अधिकारी राजू नामदेव, पर्यवेक्षक नंदराम अहिरवार, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पी.एल. रैकवार, शिक्षक चन्द्रशेखर हजारी, रजनी जैन, अभिलाषा शर्मा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

# वरिष्ठ शिक्षक के 43 वर्ष के सेवा काल पर भावुक विदाई समारोह



**दमोह।** शहर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई में 30 जून 2026 को वरिष्ठ शिक्षक चंद्र कुमार असाटी के सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती अनीता जैन ने कहा कि श्री असाटी ने शिक्षा विभाग में 43 वर्ष 9 माह 18 दिन तक अपनी सेवाएं दीं.इस दौरान वे सात अलग-अलग विद्यालयों में पदस्थ रहे और हजारों विद्यार्थियों को शिक्षित कर उनके उज्ज्वल भविष्य को गढ़ा. साथ ही अन्य शासकीय कार्यों में भी उनका सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य ने कहा, यह कोई विदाई नहीं है, सेवा निवृत्ति की ससम्मान शुभकामनाएं हैं। यह जीवन के इस अध्याय का अंत नहीं, बल्कि इसी दौर की यादों के साथ नए दौर का आगाज है। इसमें से सिर्फ यह एक अध्याय पूर्ण कर लिया है.उन्होंने श्री असाटी के उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की मंगल कामना की। समारोह में शिक्षकों ने कहा कि ₹चाहने वालों के लिए आसमान भी दूर नहीं होते हैं। यादों का कारवां है, ये कभी मजबूर नहीं होते हैं। आगे इतना क्या सोचना, सिलसिला मुलाकातों का यूं ही चलता रहेगा। शहर जब एक ही है तो मिलना तो होता ही रहेगा।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं और सेवानिवृत्त चंद्रकुमार परिजन उपस्थित रहे। सभी ने फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया।

# थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक



**दमोह।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे 'सेल्फ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत नवागत थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबेरा पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग तथा डिजिटल भुगतान से जुड़े साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में सभी विद्यार्थियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा सोशल मीडिया का उपयोग पूरी सावधानी के साथ करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि उनके साथ या उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है, तो पुलिस से डरने या घटना छिपाने की आवश्यकता नहीं है। तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई कर पीड़ित की सहायता की जा सके। उन्होंने बताया कि समय पर शिकायत करने से साइबर अपराधियों तक पहुंचना और नुकसान की भरपाई की संभावना बढ़ जाती है। इसके पश्चात आरक्षक विवेक कटारे एवं वीरेंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाने, ऑनलाइन गेमिंग एवं सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने तथा साइबर हेल्पलाइन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका सुषमा जैन ने आभार व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस जनजागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने की महत्वपूर्ण सीख देते हैं, इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहन सेन, नंदकिशोर बाजपेई, पवन राय, साकेत जैन, प्रधान आरक्षक प्रेम बैरागी, आरक्षक राहुल शर्मा व विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मगरमच्छ से बचाव के लिए वन विभाग ने बनाई रेस्क्यू टीम

### ब्यारमा नदी सहित अन्य नदियों में जाने से रोकने के लिए कराई जा रही मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



ब्लॉक से निकली ब्यारमा नदी में काफी अधिक संख्या में मगरमच्छ हैं और बारिश के दिनों में यह लोगों पर हमला करते हैं। मगरमच्छ से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग के द्वारा नदी किनारे स्थित ग्रामों में मुनादी शुरू कराई है और लोगों से अपील की जा रही है कि वह नदी के आसपास ना जाएं। इसके अलावा वन विभाग ने चार रेस्क्यू टीम भी बनाई है। ताकि यदि मगरमच्छ से कोई घटना होती है या मगरमच्छ दिखाई देता है तो रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित दूसरे स्थान पर छोड़ा जा सके। आपको बता दें दमोह जिले में पिछले साल मगरमच्छ के हमले से 8 वर्षीय बच्चे सहित एक महिला की मौत हुई थी। इसके अलावा 10 से अधिक लोगों पर मगरमच्छ ने हमला किया था जो गंभीर रूप से घायल हुए थे। वन विभाग ने 12 से अधिक मगरमच्छों का रेस्क्यू कर उन्हें वन विहार भोपाल भेजा था, लेकिन ब्यारमा नदी में मगरमच्छ काफी अधिक है और इनकी संख्या कितनी है इसका आकलन वन विभाग को भी नहीं है। इसलिए पहले से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग के द्वारा मुनादी कराई जा रही है। डीएफओ ईश्वर जरांडे ने बताया की ब्यारमा नदी के किनारे दोनों तरफ रहने वाले लोगों को सतर्क रखने के लिए मुनादी कराई जा रही है। तारादेही सर्रा तेजगढ़, झलौन और दमोह सागोनी रेंज में यह मुनादी कराई गई है। यहां पहले से सूचना बोर्ड तो लगे हैं मुनादी का काम भी गांव-गांव जाकर करवाया जा रहा है।

मुनादी के माध्यम से लोगों से अपील की गई है की बारिश के मौसम में ब्यारमा नदी और उसकी सहायक नदियों के पास न जाएं। क्योंकि बारिश के दिनों में नदी का पानी मटमैला हो जाता है। ऐसे में मगरमच्छ का खतरा बना रहता है। इसलिए आप लोग नदियों से दूर रहें और अन्य लोगों को भी नदी पर जाने से रोके। डीएफओ ने बताया कि मुनादी के अलावा चार रेस्क्यू टीम भी हमने बनाई है। एक रेस्क्यू टीम नोहटा, दूसरी हथनी तीसरी झलौन और चौथी तेजगढ़ में रहेगी। एक रेस्क्यू टीम में तीन, तीन वनकर्मी शामिल किए गए हैं। यदि कहीं भी मगरमच्छ दिखता है या मगरमच्छ से कोई घटना होती है तो रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित करेगी और मगरमच्छ का भी रेस्क्यू किया जाएगा

# राज्यमंत्री ने की जन सुनवाई, 70 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई



### हर शनिवार आयोजित होने वाले जनता दरबार में क्षेत्रवासियों की समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के नोहटा स्थित कार्यालय में शनिवार को नियमित जनता दरबार एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जबेरा विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं एवं आवेदन लेकर पहुंचे। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकतम मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा प्रत्येक शनिवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नोहटा कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाती है, जिससे क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने कहा इस सप्ताह आयोजित जनसुनवाई में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश का तत्काल निराकरण कर दिया गया तथा शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्यमंत्री ने कहा जनसुनवाई व्यवस्था से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। पहले नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तेंदूखेड़ा अथवा जबेरा जाना पड़ता था, लेकिन अब प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नोहटा कार्यालय में ही शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिली नई शिक्षा नीति और महाविद्यालय की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में शासन के निर्देशानुसार 1 से 3 जुलाई 2026 तक नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ (इंडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण, नई शिक्षा नीति तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनय कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में तथ्यों को समझने, उनका विश्लेषण करने और तार्किक सोच विकसित करने की क्षमता का निर्माण करना है।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार नामदेव ने नई शिक्षा नीति-2020 की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षा को भारत-केंद्रित बनाना तथा समतामूलक, गुणवत्तापूर्ण और उत्कृष्ट समाज का निर्माण करना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के तीनों संकाय प्रभारियों ने विद्यार्थियों को अपने-अपने संकाय की विस्तृत जानकारी दी। शेखताज हसन ने कला संकाय, डॉ. देवेश कुमार अहिरवार ने विज्ञान संकाय तथा डॉ. ममता वर्मा ने वाणिज्य संकाय का परिचय कराया। वहीं डॉ. जगदीश प्रसाद अहिरवार ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), श्री सत्यनारायण लड़िया ने खेलकूद गतिविधियों और डॉ. किरण सिंह ने एनसीसी की महिला इकाई की जानकारी दी।

इसके अलावा श्रीमती प्रियंका राजपूत ने गांव की बेटी छात्रवृत्ति योजना, डॉ. सरिता नेमा ने सांस्कृतिक गतिविधियों, डॉ. खुदैजा परवीन अंसारी ने परीक्षा प्रणाली एवं आंतरिक मूल्यांकन, डॉ. संजीव कुमार विश्वकर्मा ने छात्रवृत्ति योजनाओं तथा डॉ. सुधीर साहू ने प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्ध अधोसंरचना, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। साथ ही नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और कक्षाओं का भ्रमण भी कराया गया, जिससे वे संस्थान की व्यवस्थाओं से परिचित हो सकें।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीओम सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. देवेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सूखी पिपरिया में व्यापारी परिवार को बंधक बनाकर डकैती
## हथियार के बल पर लाखों के जेवर-नकदी लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के देहात थाना क्षेत्र की नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत सूखी पिपरिया गांव में शुक्रवार देर रात हथियारबंद बदमाशों ने एक गल्ला व्यापारी के घर धावा बोलकर परिवार को बंधक बना लिया और लाखों रुपये के जेवरात, नकदी व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार गल्ला



व्यापारी विजय जैन अपनी पत्नी कीर्ति जैन और बच्चों के साथ घर की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। रात करीब दो बजे आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश बाउंड्री के सहारे दूसरी मंजिल पर पहुंचे और खुले गेट से सीधे कमरे में घुस गए। बदमाशों ने व्यापारी की कनपटी पर माउजर अड़ाकर उनके हाथ-पैर बांध दिए और पत्नी से अलमारी की चाबी मांगी। चाबी नहीं देने पर आरोपियों ने विजय जैन के सिर पर माउजर की बट से हमला कर दिया।इसके बाद बदमाशों ने गोदरेज अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी, महिला के पहने हुए जेवर तथा पलंग पेटी में रखे लगभग 10 तोले सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। जाते समय आरोपी दोनों मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए ताकि पीड़ित तत्काल पुलिस को सूचना न दे सकें। फरार होने से पहले बदमाशों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।बदमाशों के जाने के बाद किसी तरह पीड़ित दंपती ने पड़ोसियों को आवाज लगाकर बुलाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शनिवार सुबह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, सीएसपी एच.आर. पांडे, देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय तथा फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात के दौरान बदमाश बार-बार रोहित और सुनील नाम ले रहे थे। इस आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। हालांकि अभी तक डकैती में शामिल आरोपियों का कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।पुलिस ने डकैती का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं। वहीं घटना के बाद व्यापारी का परिवार गहरे सदमे और दहशत में है।

## तालाब में डूबने से मछली पकड़ने गये वृद्ध की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोड़ा सुनवाही के परेवा तालाब में डूबने से 58 वर्षीय एक वृद्ध की मृत्यु हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक गिरन सिंह पिता चेते आदिवासी (58 वर्ष), निवासी ग्राम ढोड़ा, ग्राम पंचायत छिरकोना शुक्रवार शाम मछली पकड़ने के लिए परेवा तालाब गए थे। इसके बाद वे घर नहीं लौटे। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में एक शव पानी में उतराता हुआ देखा, जिसकी सूचना तत्काल तेजगढ़ पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भेजा गया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आशंका है कि मछली पकड़ने के दौरान पैर फिसलने अथवा गहरे पानी का अनुमान न लग पाने के कारण वृद्ध तालाब में डूब गए। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही हो सकेगी। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि वर्षा ऋतु के दौरान तालाब, नदी एवं अन्य गहरे जलाशयों के समीप जाते समय विशेष सतर्कता बरतें तथा अकेले गहरे पानी में उतरने से बचें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। एएसआई सत्येंद्र सिंह राजपूत, एएसआई खिलान सिंह एवं आरक्षक हरीसिंह सहित पुलिस स्टाफ ने आवश्यक कार्रवाई संपन्न की।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रवादी विचारक एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में 6 जुलाई को दमोह जिले के तेंदूखेड़ा में भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम होगा, बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण अवसर बनेगा। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनके राष्ट्रवादी विचारों, एकात्मता के सिद्धांत और देश की एकता एवं अखंडता के लिए उनके योगदान पर प्रदर्शनी के माध्यम से विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।

### पं महेश दत्त कटारे का दु:खद निधन

**दमोह।** मां बड़ी देवी जी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महेश दत्त कटारे जी का लम्बी बीमारी के उपरांत शनिवार की शाम दु:खद निधन हो गया है। जिनकी अंतिम शवयात्रा उनके निज निवास मां बड़ी देवी जी मंदिर प्रांगण से दिनांक 05/07/2026 दिन रविवार को सुबह 09 बजे हटा नाका मुक्ति धाम जाएगी। जहां पर हिन्दू रीति-रिवाजों के साथ मुख्य पुजारी पंडित महेश दत्त कटारे को पंचतत्व में विलीन किया जाएगा।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा डेढ़ करोड़ की लागत से बना नाला

### कई जगह से हुआ क्षतिग्रस्त, अब सड़क बनी नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर परिषद द्वारा लगभग तीन वर्ष पहले सांदीपनि विद्यालय के पास से स्वास्थ्य विभाग के आवासीय परिसर तक जहां विभागीय कर्मचारी निवास करते हैं। वर्षा जल की समुचित निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक तरफ चौड़ा नाला निर्माण कराया गया था। इस योजना का उद्देश्य आवासीय क्षेत्रों से होकर बहने वाले वर्षा जल को व्यवस्थित ढंग से नीचे तक पहुंचाना तथा जलभराव की समस्या से राहत दिलाना था हालांकि निर्माण के महज तीन वर्ष बाद ही इस नाले की स्थिति इसकी गुणवत्ता और रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाले का निर्माण तीन-चार अलग-अलग हिस्सों में किया गया, लेकिन नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में अधिकांश स्थानों पर पानी की निकासी बाधित हो गई है हालात यह है कि बारिश के दौरान पानी नाले से बहने के बजाय सड़क पर फैल गया जिससे कई घरों में पानी घुस गया और रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर नाला क्षतिग्रस्त भी हो चुका है, जबकि कुछ हिस्सों में पूरी तरह जाम होने से पानी का प्रवाह रुक गया है। रंजीत साहू, महेश कुमार, हेमराज ,अशोक कुमार का कहना है कि नगर परिषद के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता लगातार सवालों के घेरे में है। उनका आरोप है कि विकास कार्य कमीशनखोरी की भेंट चढ़ रहे हैं, जिसके कारण करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद आम जनता को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर नाले की सफाई कराई जाती और निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ होता, तो जलभराव जैसी समस्या उत्पन्न नहीं होती। नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपये की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा, जब निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं और उनका नियमित रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा हर वर्ष बरसात में जलभराव की समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी रहेगी।

#### इनका कहना है

इस संबंध में नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वीकार किया कि नाले की सफाई नहीं होने के कारण जल निकासी प्रभावित हुई है उन्होंने बताया कि वर्तमान में चौरई ग्राम में सफाई कार्य कराया जा रहा है तथा रविवार को संबंधित नाले की भी सफाई कराई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस योजना की स्वीकृत लागत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये थी, लेकिन केवल 70 से 75 लाख रुपये का कार्य ही हुआ हैं। नाले का निर्माण भी तीन-चार अलग-अलग चरणों में किया गया है।

## विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी-राज्यमंत्री



**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जबेरा के ग्राम चौपरा में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने 1 करोड़ 13 लाख 78 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम महुआखेड़ा में 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम पौड़ी महाराज सिंह में 14.78 लाख रुपये की लागत से पिलर सहित छत निर्माण, ग्राम चौपरा के चंडी प्रांगण में 25 लाख रुपये की लागत से पिलर सहित छत निर्माण, ग्राम हरदुआ सुम्मेर सिंह में 10 लाख रुपये की लागत से शांति धाम का सौंदर्यीकरण तथा ग्राम चौपरा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में 44 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शिक्षा, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा उनका संकल्प है कि आने वाले समय में जबेरा विधानसभा को विकास के क्षेत्र में प्रदेश की क्रमांक-एक विधानसभा बनाया जाए।

### नि:शुल्क बीज वितरण आज

**दमोह।** हिण्डोरिया क्षेत्र के किसान बंधुओ के लिए कृषि विकास विभाग द्वारा किसान हितैषी योजना आत्म निर्भर दलहन मिशन के अंतर्गत नि:शुल्क बीज वितरण आज 05 जुलाई 2026 दिन रविवार को दोपहर 03 बजे से बगिया परिसर हिण्डोरियाय में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। उन्होंने कहा बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराया अनिवार्य हैं, पंजीयन के बिना बीज का वितरण नहीं किया जायेगा। प्रत्येक पंजीकृत किसान को 04 किलोग्राम की उड़द या अरहर की किट प्रदाय की जायेगी।

## जमीन विवाद में चली कुल्हाड़ी, चार उंगलियां काटी, गांव में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। इस दौरान कुल्हाड़ी और डंडों से किए गए हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी चार उंगलियां कट गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखनी निवासी कोमल सिंह लोधी (48) पिता स्व. हल्के सिंह लोधी का गांव में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के राजन सिंह लोधी, बृजेंद्र सिंह लोधी, मूरत सिंह लोधी और रम्मू सिंह लोधी ने कोमल सिंह पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया। हमले में कोमल सिंह की चार उंगलियां कट गईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल तेजगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घायल के पुत्र अजय ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने जानबूझकर उनके पिता पर हमला कर उनकी उंगलियां काट दीं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मारपीट की स्थिति दिखाई दे रही है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तेजगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि घटना नोहटा थाना क्षेत्र की है, इसलिए संबंधित थाना पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### 25 जुलाई तक होंगे पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पंजीयन

**दमोह।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाली पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है, 07 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय के तीन श्रेष्ठ विद्यार्थी जो की कक्षा नवमी से 12वीं के हो सकते हैं, का चयन कर ऑनलाइन पंजीयन कराया जायें। यह प्रतियोगिता सभी सीबीएसई विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के सभी शासकीय /अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। साथ ही विजेता एवं उपविजेता टीमों का प्रमाण पत्र एवं मेडल के साथ सम्मान किया जाता है।

## अमानक साइलेंसर बेचने वालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 21 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शहर में तेज आवाज वाले मॉडिफाइड (अमानक) साइलेंसरों की बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों पर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो ऑटो पार्ट्स दुकानों पर छापा मारा। कार्रवाई में 21 अमानक साइलेंसर जब्त किए गए तथा दो दुकान संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार और थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक दलवीर सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने शहर के बस स्टैंड स्थित नेशनल हार्न एसेसरीज और दमोह कार एंड बाइक डेकोरेशन की दुकानों की जांच की। तलाशी के दौरान दोनों दुकानों से मॉडिफाइड (अमानक) साइलेंसर बरामद हुए। पुलिस ने कुल 21 मॉडिफाइड साइलेंसर, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये है, जब्त कर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की। साथ ही दोनों दुकान संचालकों के विरुद्ध थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 182(क)(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की गई।

इस संयुक्त कार्रवाई में थाना कोतवाली एवं यातायात शाखा के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले अमानक साइलेंसरों की बिक्री और उपयोग के विरुद्ध आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

TIMES COLLEGE
Affiliated to Dr. Harisingh Gour University, Sagar
(A Central University)
LAST DATE OF ADMISSIONS - 15th JULY
ARTS & SCIENCE :
B.A. (Computer) B.Sc. (Maths / Biology)
B.Sc. (Computer Application) B.Sc. (Biotechnology)
COMMERCE & MANAGEMENT :
B.B.A. (HR) B.Com. (Plain)
B.B.A. (Finance) B.Com. (Computer)
B.B.A. (Marketing) M.Com.
COMPUTER SCIENCE :
B.C.A. PGDCA.
For admissions register at: www.dhsgsu.edu.in or
All scholarship facilities provided by the government
CONTACT AT COUNSELLING CELL - 7389045040
Times College of Education
Approved by NCTE, New Delhi. Affiliated to Dr. Harisingh Gour University.
Courses Offered: D.El.Ed. B.Ed.
Times College of Pharmacy
Approved by PCI, New Delhi. Affiliated to RGPV, Bhopal.
Courses Offered: D.Pharm. B.Pharm.
Times College of Comp. & IT
Approved by AICTE, New Delhi. Affiliated to MLCU, Bhopal.
Courses Offered: DCA. BCA. PGDCA. M.Sc. (CS)
CAMPUS - TIMES CAMPUS, IN FRONT OF VAISHALI NAGAR, DAMOH.
VISIT ON - WWW.TIMESCOLLEGEDAMOH.COM
CONTACT - 7389045040, 9926683317.